भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY
BANARAS HINDU UNIVERSITY
☎ 0542 2366676: e-mail : pro.ppc@itbhu.ac.in

कुलसचिव कार्यालय
(प्रेस एवं प्रचार प्रकोष्ठ)

अमर उजाला

Office of the Registrar
(Press & Publicity Cell)

दिनांक : 05.02.2019

बाजार में दिखेंगे इनोवेटिव उत्पाद

बीएचयू स्वतंत्रता भवन में नव विपणन नीति कार्यशाला का उद्घाटन

अमर उजाला ब्यूरो

वाराणसी। देश के विभिन्न संस्थानों में बने डिजाइन इनोवेशन सेंटर की ओर से तैयार किए जाने वाले उत्पाद अब जल्द ही बाजार में नजर आएंगे। इसके लिए बाजार नीति बनाई जा रही है, जिससे कि समय के साथ-साथ नए डिजाइन के उत्पादों की सही कीमत मिल सके। बीएचयू में दो दिवसीय नव विपणन नीति पर आयोजित कार्यशाला के पहले दिन बाजार नीति सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई।

बीएचयू के स्वतंत्रता भवन में डिजाइन इनोवेशन सेंटर की तरफ से आयोजित कार्यशाला में संबोधित करते प्रो. पीयूष कुमार सिन्हा। अमर उजाला

बीएचयू डिजाइन इनोवेशन सेंटर की ओर से आयोजित इस कार्यशाला में देश के विभिन्न जगहों पर चलने वाले 20 डिजाइन इनोवेशन सेंटरों के साथ ही 60 संस्थानों के समन्वयकों ने अपनी बातों को प्रमुखता से रखा। स्वतंत्रता भवन में सोमवार को कार्यशाला का उद्घाटन करने के बाद आईआईटी बीएचयू के निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार जैन ने कहा कि वर्तमान में इनोवेशन और मार्केट के बीच एक सशक्त कड़ी की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि आईआईएम अहमदाबाद के प्रो. पीयूष सिन्हा ने उत्पादों की बिक्री और बाजार नीति की चर्चा की। समन्वयक डॉ. मनीष अरोरा ने सभी का स्वागत करते हुए कार्यशाला के बारे में बताया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. नीरज शर्मा ने किया। इस दौरान अलग-अलग उत्पादों को लेकर तैयार डिजाइनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई।